nwda.gov.in

केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट...

दौधन डेम के लिए इसी महीने शिलान्यास कर सकते हैं मोदी

हरेकृष्ण दुबोलिया | भोपाल

मप्र और उप्र के बीच प्रस्तावित देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा लिंक के फेज-1 में दौधन डेम निर्माण का कार्य दिसंबर के अंत तक शुरू हो सकता है। बुंदेलखंड का जलसंकट दूर करने वाली इस राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना के लिए 6 माह के इंतजार के बाद नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी (एनडब्ल्यूडीए) ने नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी (एनसीसी) को वर्क कांट्रेक्ट जारी कर दिया है।

इसके बाद केन बेतवा लिंक प्रोजेक्ट अथॉरिटी ने एनसीसी के साथ मिलकर निर्माण शुरू करने की तैयारी प्रारंभ कर दी है। एनडब्ल्यूडीए सूत्रों के मुताबिक 25 दिसंबर को दौधन डेम की आधारशिला रखी जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद अपने हाथों से इसका शिलान्यास कर सकते हैं। इसके साथ ही केन-बेतवा लिंक नहर और दौधन डेम का नाम भी बदला जा सकता है। इसकी तैयारी को लेकर केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट अथॉरिटी और नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधि 5 दिसंबर को ही कंस्ट्रक्शन साइट की फील्ड प्लानिंग के लिए खजुराहो पहुंच गए हैं। केबीएलपीए और एनसीसी दोनों संयुक्त रूप से निर्माण शुरू करने का एक्शन प्लान तैयार करेंगे। 25 दिसंबर को केंद्र और राज्य सरकार सुशासन दिवस के रूप में मनाती हैं, इस साल 25 दिसंबर को पहली एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती भी है। नदी जोड़ो परियोजना की शुरूआत का श्रेय भी अटल बिहारी वाजपेयी को ही जाता है। डेम निर्माण के लिए एनडब्ल्यूडीए ने 18% जीएसटी के साथ 3999.6 करोड़ रुपए की लागत के साथ एनसीसी को वर्क कांट्रेक्ट जारी कर दिया है।